>

Title: Request to set up medical college in Kabirdham district in Rajnandgaon Parliamentary Constituency, Chattisgarh.

श्री संतोष पान्डेय (राजनंदगाँव): सभापति जी, मुझे बोलने का अवसर देने के लिए मैं आपके प्रति आभारी हूं ।

महोदय, सर्वप्रथम यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जिस प्रकार से कोरोना काल में और परीक्षा की घड़ी में पूरे विश्व में काम किया है, उनकी सब प्रकार की भूमिका सराहनीय रही है । आकांक्षी जिलों में जहां लोग वंचित हैं, जहां निजी-सरकारी क्षेत्र का मेडिकल कॉलेज नहीं है, ऐसे 75 मेडिकल कॉलेजों की मंजूरी देना और एम्स की संख्या में वृद्धि करना, वास्तव में इसकी जितनी बड़ाई की जाए कम है ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र राजनंदगांव के अंतर्गत कबीरधाम जिला है, जो आदिवासी बहुल वनांचल है । सामान्य बीमारी की स्थिति में भी मरीजों को राजधानी रायपुर जाना पड़ता है, जिसकी दूरी जिला मुख्यालय से 125 किलोमीटर है । उसी प्रकार से दुर्ग, राजनंदगांव, बिलासपुर, मंडला, चारों तरफ यह दूरी सवा सौ किलोमीटर से ऊपर ही है । स्वयं कवर्धा का एक बॉर्डर पंडरिया का सिंदूरखार एक छोर में है, जहां मध्य प्रदेश लगता है । उसी प्रकार से चाहे मंडला का बॉर्डर हो, मध्य प्रदेश का बॉर्डर हो, सभी बहुत-बहुत दूर हैं । कबीरधाम में क्षेत्रीय जनता की लम्बे समय से मांग रही है और लगातार माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से भी पत्र के माध्यम से और प्रत्यक्ष मेरी चर्चा भी हुई थी कि कवर्धा में एक मेडिकल कॉलेज खोला जाए । यह वहां की जनता की मांग रही है । उसी स्थापना से लोगों का राहत मिलेगी, चिकित्सा शिक्षा भी प्राप्त होगी और जन-जन तक चिकित्सा-शिक्षा पहुंचाने का मोदी जी का जो संकल्प है, वह पूर्ण होगा । यह भौगोलिक दृष्टि से कवर्धा में बहुत ही आवश्यक है । मैं धन्यवाद ज्ञापित करता हूं ।